समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ‘तुरंत लाहौर छोड़े वंरना वहीं कहीं छुप जाएं’, पाकिस्तान के हालात से डर गया US, जारी किया अलर्ट।

Publisher Published on 08 May 2025



**भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बन गए है. ंइस बीच अमेरिका ने अपने नागरिकों को लाहौर छोड़ने का निर्देश दिया है.**

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी ज्यादा बढ़ गया है. पाकिस्तान ने देश के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन इंडियन आर्मी ने सभी हमलों को नाकाम कर दिया. इस बीच अमेरिका ने पाकिस्तान में मौजूद अपने नागरिकों को बड़ा निर्देश दिया है. यूएस ने लाहौर समेत पूरे पाकिस्तान में मौजूद अपने नागरिकों को तुरंत वापसी का निर्देश दिया है.

अमेरिकी एंबेसी ने पाकिस्तान में मौजूद नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है. इसमें उसने कहा, लाहौर और उसके आसपास ड्रोन हमलों की खबर मिली है. यहां मौजूद सभी अमेरिकी नागरिक शेल्टर में चले जाएं. अगर किसी तरह की दिक्कत आए तो संबंधित अथॉरिटी से बात करें और वे जल्द-जल्द यहां निकलें. अगर वे एयरपोर्ट तक न पहुंच पाएं तो शेल्टर में चले जाएं.

भारत के शहरों में पाकिस्तान की हमले की कोशिश
भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान आत्रामक हो गया है. उसने भारत के 15 शहरों पर ड्रोन से हमले की कोशिश की, लेकिन भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी हमलों को नाकाम कर दिया. अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में हमले की कोशिश की गई.

भारत ने तबाह किया पाकिस्तान रडार सिस्टम
पाकिस्तानी सेना की हमले की कोशिश के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के रडार सिस्टम को तबाह कर दिया है. अब पाकिस्तान

बुरी तरह से बैकफुट पर आ गया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत ने पाकिस्तान में कई जगहों पर जवाबी कार्रवाई करते हुए ड्रोन से हमला किया है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.